हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025



# छठ महापर्व : डूबते सूर्य को व्रतधारियों ने दिया अर्घ्य
# नदी नालों के घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूर्य उपासना का पर्व छठ का आज पहला अर्घ्य डूबते सूरज को व्रतधारी महिलाओं ने आस्था और परंपरा के साथ दिया। सोमवार को जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में इस पर्व की आस्था का संगम नजर आया। जब नदी नालों के घाटों में व्रतधारियों का सैलाब उमड़ पड़ा। छठ घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु और व्रती महिलाएं जुटीं, जिन्होंने डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान घाटों पर छठी मइया के गीतों की गूंज के साथ भक्ति का अनोखा दृश्य देखने को मिला। छठ पर्व के तीसरे दिन सोमवार को श्रद्धालु महिलाएं दिनभर व्रत रखकर शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने घाटों पर पहुंचीं। जहां पानी में उतरकर पूरे विधि विधान से डूबते सूरज को अर्घ्य देने की परंपरा शुरु हुई। जो सूर्य के अस्त होते तक चलते रही। सूर्य उपासना की इस परंपरा का निर्वहन शहर के ढेंगुरनाला से लेकर बालको के राम मंदिर छठ घाठ, दर्री के गरम पानी छठ घाट सहित एनटीपीसी जमनीपाली, दीपका, कुसमुंडा, कटघोरा, बांकीमोंगरा और दर्री के छठ घाट में दिखाई दिया। सजे टोकरी में फल, ठेकुआ, नारियल, केला, ईख और अन्य पूजन सामग्री लेकर घाटों पर पहुंचीं। डूबते सूर्य को अर्घ्य देते समय वातावरण में भक्ति, संगीत और लोकगीतों की मधुर धुनें गूंजती रहीं। श्रद्धालुओं ने सूर्यास्त के बाद घाटों पर दीप प्रज्वलित किए और छठी मइया से अपने परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। छठ घाट पर व्रतधारियों को बधाई देने के लिए पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल और राजकिशोर प्रसाद सहित अन्य कांग्रेसी नेता पहुंचे हुए थे।

**खास बात**

- सिर पर पूजा का सामान रखे पुरुष पैदल चलकर पहुंचे छठ घाट



### आज देंगे उगते सूरज को अर्घ्य

मंगलवार की सुबह व्रतधारियों द्वारा उगते सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा और इसके साथ ही चार दिन तक चलने वाले इस सूर्य उपासना के पर्व का समापन हो जाएगा। कई व्रतधारी और उनके परिजन रात घाट में गुजारते हैं जिसके लिए घाट में ही रात्रि जागरण की व्यवस्था की गई है। वहीं कुछ व्रतधारी सूर्य उदित होने के पूर्व अलसुबह से ही पूजा की सामग्री के साथ उगते सूरज को अर्घ्य देने निकल पड़ते हैं।

### घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

कटघोरा क्षेत्र में भी छठ पूजा का रंग पूरे शबाब पर नजर आया। रविवार रात से ही व्रती महिलाएं और उनके परिजन घाटों की तैयारियों में जुट गए थे। सोमवार शाम अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य देने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु घाटों की ओर उमड़ पड़े। कटघोरा के प्रसिद्ध राधा सागर घाट पर छठी मइया के जयकारों के साथ श्रद्धालु महिलाएं सूप, फल, पंचमेवा और प्रसाद से भरे डाले लेकर सूर्य देव को अर्घ्य देने पहुंचीं। यहां पूर्वांचल समुदाय के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भी भारी भागीदारी देखने को मिली। बच्चे, युवा और वृद्ध सभी श्रद्धा और भक्ति में डूबे नजर आए। छठ घाट पर नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल स्वयं पहुंचे और श्रद्धालुओं से मिलकर छठ पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### हसदेव नदी घाट पर उमड़े श्रद्धालु

छठ्ठी मैया की उपासना करते हुए गरम पानी हसदेव नदी की घाट पर माताएँ डूबते सूरज को अर्घ्य देते हुए अपने घर परिवार के कल्याण के लिए अपने कामना के लिए सूर्य देव की आराधना प्रार्थना की। इस अवसर पर पूरा घाट भक्ति भाव से ओत प्रोत हो गया। इस दौरान विशाल जन समूह उमड़ा रहा।

## खबर संक्षेप

### रोहित पाली एवं मनोज बने पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम

**कोरबा।** प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव करते हुए कलेक्टर अजीत वसंत ने सोमवार को एक बड़ा फेरबदल किया है। इस फेरबदल में डिप्टी कलेक्टर रोहित कुमार सिंह को पाली का एसडीएम बनाया गया है। वहीं संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे को जो प्रभारी अपर कलेक्टर कटघोरा का प्रभार संभाल रहे थे उन्हें पोड़ी उपरोड़ा अनुभाग का एसडीएम बनाया गया है। इसी तरह पाली एसडीएम सीमा पात्रे को एवं पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम तुलाराम भारद्वाज को जिला कार्यालय अटैच किया गया है। इस फेरबदल की कार्यवाही में जिला मुख्यालय के कोरबा एसडीएम के पद पर कोई बदलाव नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व कलेक्टर अजीत वसंत ने 10 तहसीलदारों का फेरबदल किया था। प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यों में लगातार फेरबदल प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने के उद्देश्य से किया जाना बताया जा रहा है।

### तिवरता में आज मनाया जाएगा गोंडवाना स्वाभिमान दिवस

**कोरबा।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा 28 अक्टूबर को गोंडवाना स्वाभिमान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन दादा हीरा सिंह मरकाम की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर रखा गया है। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन स्थल समाधि स्थल ग्राम तिवरता होगा। कार्यक्रम का संयोजन गोंडवाना सेवा न्याय (ट्रस्ट) अमरकंटक द्वारा किया जा रहा है। आयोजन में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं गोंडवाना सेवा न्याय से जुड़े कार्यकर्ता, पदाधिकारी और अनुयायी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे से मंगलाचारण के साथ होगी, जबकि दोपहर 12 बजे से मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं संबोधन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से इंद्रपाल सिंह मरकाम, मधुर सिंह कोर्राम (संरक्षक), गणेश मरपची, डी. एस. राव (अध्यक्ष) सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे। कुंवर हरिशंकर मरकाम, प्रदेश अध्यक्ष, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## एसईसीएल कर्मी का भयादोहन करने वाला बिलासपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले बिलासपुर में रहने वाला एक युवक अपनी ऊंची पहुंच का हवाला देकर एक एसईसीएल कर्मी का लंबे समय से भयादोहन करते आ रहा था कि वह फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी कर रहा है और उसे वह नौकरी से बर्खास्त करवा देगा। डरा धमका कर उक्त युवक ने एसईसीएल कर्मी से नगद 8 लाख रुपए ऐंठ लिए थे और ढाई लाख रुपए का चेक भी उससे ले लिया था। प्रताड़ित एसईसीएल कर्मी ने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की थी। जिस पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर भयादोहन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- नौकरी से निकलवाने के लिए 8 लाख रुपए नगद व ढाई लाख रुपए का लिया था चेक



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि बांकीमोगरा के बल्गी एसईसीएल परियोजना में कार्यरत एसईसीएल कर्मी दीनदयाल हलवाई को बिलासपुर भारती नगर निवासी प्रवीण झा 36 वर्ष पिता रामानंद झा लंबे समय से दीनदयाल हलवाई को एसईसीएल में फर्जी नौकरी कर रहा है ऐसा कहकर डरा धमका कर लंबे समय से उससे 8 लाख रुपए की उगाही कर ली थी और ढाई लाख रुपए का चेक भी ले लिया था। पुलिस के मुताबिक प्रवीण झा लंबे समय से दीनदयाल को अपनी ऊंची पहुंच का हवाला देता था और बड़े-बड़े पुलिस अफसर से उसकी पहचान है ऐसा कहकर उसकी नौकरी से उसे हाथ धोना पड़ेगा ऐसी जानकारी देकर उससे लाखों रुपए ऐंठ रहा था। परेशान होकर विगत दिनों दीनदयाल हलवाई ने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर दीपका पुलिस ने भयादोहन करने वाले प्रवीण झा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने बिलासपुर में दबिश दी और आरोपी प्रवीण झा को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## बनवारी की पगड़ी रस्म में मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. बनवारी लाल अग्रवाल के निधन पश्चात आयोजित बारहवीं एवं पगड़ी रस्म कार्यक्रम में सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने स्व. श्री अग्रवाल के महान व्यक्तित्व, संगठनात्मक क्षमता एवं जनसेवा के समर्पित जीवन को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित प्रदेश के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। स्व. अग्रवाल का निधन 15 अक्टूबर को हुआ था। वे वर्षों तक जनसेवा, संगठन और समाज के विकास के प्रति समर्पित रहे तथा भाजपा संगठन के मुख्य मार्गदर्शक के रूप में उन्हें विशेष सम्मान हासिल था। पगड़ी रस्म में पहुंचे विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता धरमलाल कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती हर्षिता पांडेय, प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह तथा महामंत्री युवा मोर्चा नरेंद्र देवांगन सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिले भर से आये भाजपा कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिगण व नागरिकों ने स्व. बनवारी लाल अग्रवाल के सम्मान व स्नेह का संदेश दिया।



श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अन्य।



## खबर संक्षेप

### तीन गांव में आधा दर्जन लोगों को कुत्ते ने काटा, उपचार जारी

**मालखरौदा।** ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत वीरभाठा पोता कलमी के लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों को पागल कुत्ता द्वारा काटा गया है। घायल लोगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां गंभीर अवस्था में कलमी एवं वीरभाठा के समरीन बाई पति लक्ष्मण की स्थिति गंभीर देखते हुए रायगढ़ तथा बिलासपुर रेफर किया गया। बाकी के मरीज कीर्तन यादव पिता सोनसाय यादव, प्रियांशु यादव पिता मनोज यादव फिरतीन बाई पति जनीराम यादव को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने के बाद छुट्टी दे दिया गया। वही पागल कुत्ते के हमले से गांव में दहशत फैल गया है। डॉ मृत्युंजय राठौर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी मालखरौदा सभी मरीजों को एंटी रेबीज का टीका लगाने के बाद घर भेज दिया गया है। दो मरीज की गंभीर स्थिति के चलते उन्हें रायगढ़ एवं बिलासपुर रेफर किया गया है। सरपंच ग्राम वीरभाठा बुद्धेश्वर नाविक लोगों को पागल कुत्ते के काटने की जानकारी होने पर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था, जहां सभी को टीका लगाया गया।

### लोगों को इलाज के लिए जा रहा चार पहिया वाहन नहरपार में पलटी

**मालखरौदा।** लोगों को इलाज के लिए जा रहा चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर नहर पार में जाकर पलट गई। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुसमूल में एक चार पहिया वाहन पोता नहरपार में गिर गया था। सूत्रों का कहना है कि दो लोगों को इलाज के लिए बाहर ले जाया गया था। जिनका मृत्यु हो गई है। हालांकि अभी तक पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

### अवैध रूप से रखे नशीली टेबलेट के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर-चांपा।** अवैध रूप से भारी मात्रा में रखे नशीली टेबलेट के साथ पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। मामला सिटी कोतवाली का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम मुड़पार निवासी 33 वर्षीय सन्नू कश्यप द्वारा नशीला दवा बिक्री के लिए रखे जाने की सूचना मिली। पुलिस ने सूचना पर मौके पर रेड करवाई की गई। जहां पर एक व्यक्ति बुलेट मोटर साइकिल के साथ खड़ा हुआ मिला जिसके कब्जे से कुल 4320 नग पाइवोन स्पा प्लस नशीली टेबलेट कीमती 42 हजार 768 रुपए एवं बुलेट मोटर सायकल, नगदी रकम 8 हजार रुपए एवं 01 नग मोबाइल बरामद किया गया जाकर विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकांत पांडे थाना प्रभारी जांजगीर, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र डिक्सेना, थाना स्टाफ एवं सायबर टीम प्रभारी सागर पाठक एवं टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### मड़वा पॉवर प्लांट क्षेत्र में दिखा तेंदुआ वन विभाग ने बढ़ाई चौकसी



जांजगीर-चांपा। मड़वा पॉवर प्लांट क्षेत्र में वन्य प्राणी तेंदुआ के दिखने से हड़कंप मच गया है। देर रात प्लांट के सुरक्षा कर्मियों ने तेंदुए को देखे जाने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही उप वन मंडलाधिकारी जांजगीर-चांपा सक्रिय हो गए और मौके पर वन अमले के साथ स्वयं पहुंचे। बताया जा रहा है कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा भेजे गए फोटो में स्पष्ट रूप से तेंदुआ दिखाई दे रहा था। सूचना की पुष्टि होते ही विभाग ने उड़नदस्ता दल एवं परिक्षेत्र चांपा टीम के साथ रात में ही क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी। वन विभाग की टीम ने आसपास के गांवों और पॉवर प्लांट परिसर के कर्मियों को सतर्क रहने की अपील की है। स्थानीय लोगों को बताया गया है कि तेंदुए के मूवमेंट का कोई भी संकेत या निशान दिखने पर तत्काल नजदीकी वन विभाग को सूचित करें। उप वन मंडलाधिकारी होरेश शर्मा ने बताया कि विभाग की विशेष टीम लगातार गश्त के जरिए स्थिति पर नज़र बनाए हुए है।

### बाइक की टक्कर से कंपाउंडर की मौत

**अम्बिकापुर।** शहर से सोनगरा जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए कंपाउंडर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम पाठकपुर निवासी सेतो राम आ. स्व. भीम (50 वर्ष) पशु विभाग में कंपाउंडर के पद पर सोनगरा में पदस्थ था।

## बिजली कर्मचारी संघ की प्रबंध निदेशक से हुई थी बैठक

# बिजली कर्मियों के मानदेय और पुरानी पेंशन में होगी बढ़ोत्तरी, अगले माह होगा आदेश जारी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन), मुख्य अभियंता (एचआर) और अन्य उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर 2004 के पश्चात नियुक्त नियमित कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि सहित संविदा कर्मचारी की ऑफ ड्यूटी मृत्यु पर अनुकम्पा नियुक्ति, कैशलेश चिकित्सा, दुर्घटना बीमा, राष्ट्रीय त्यौहार में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन भुगतान आदि विषयों पर चर्चा की गई थी।

चर्चा के दौरान महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपना प्रस्ताव विद्युत कंपनी प्रबंधन को प्रेषित किया और इसे शीघ्र ही आगामी नवंबर माह में लागू करने कहा गया। विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा गंभीरता पूर्वक सकारात्मक निर्णय लेते हुए शीघ्र लागू करने आश्वाशन दिया गया। महासंघ के प्रदेश कार्यालय मंत्री चेतनानंद दुबे ने बताया कि महासंघ के द्वारा कर्मचारी हितैषी महत्वपूर्ण 22 सूत्रीय मांग को लेकर और विद्युत कंपनी प्रबंधन के झूठे आश्वासन एवं वादाखिलाफी के विरोध में विद्युत कंपनी मुख्यालय डंगनिया रायपुर में 9 अक्टूबर को विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन किया गया था। प्रबंधन के मौखिक आश्वाशन को अस्वीकार करते हुए और कंपनी प्रबंधन को चेतावनी देते हुए लिखित निर्णय नहीं लिए जाने तक 10 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना प्रारंभ किया गया। महासंघ के आंदोलन के प्रभाव में चेयरमैन विद्युत कंपनी डॉ. रोहित यादव के द्वारा 17 अक्टूबर को महासंघ के साथ द्विपक्षीय वार्ता बैठक आहूत की गई। जिसमें 2004 के पश्चात नियुक्त नियमित कर्मचारी के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि मुद्दे पर लिखित में मिनिट्स ऑफ मीटिंग जारी करते हुए संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि एवं अन्य हितलाभ के संबंध में महासंघ से सुझाव मांगा गया था। बैठक में महासंघ की ओर से प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय मंत्री एवं विद्युत उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिंहा, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, क्षेत्रीय अध्यक्ष रायपुर शहर क्षेत्र के अध्यक्ष परमेश्वर कन्नौजे एवं क्षेत्रीय सचिव रायपुर शहर क्षेत्र नीलांबर सिन्हा उपस्थित रहे।

### परिचारक लाईन संविदा कर्मियों को अब भी नियमितिकरण का इंतजार, फेडरेशन ने जतायी आपत्ति

**कोरबा।** छग राज्य विद्युत कंपनी में वर्ष 2016 व 2018 से परिचारक लाईन संविदा कर्मी अपने नियमितिकरण को लेकर प्रदर्शन किया गया था। अब उन्हें नियमित करने की जगह उनके मानदेय वृद्धि व अन्य मांगों का प्रस्ताव कंपनी प्रबंधन को दिया गया है। इससे अब संविदा लाईन के नियमितिकरण नहीं होने से 10 वर्ष बाद उनका भविष्य अंधकारमय होगा। विद्युत कंपनी के आम कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली एवं संविदा कर्मियों ने नियमित किये जाने की मांग को लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया था लेकिन प्रबंधन ने पुनः आश्वासन का झुनझुना थमा दिया है। अब पेंशन की घोषणा नवम्बर में होगी तथा संविदा कर्मी का मानदेय बढ़ेगा हमेशा की तरह प्रचारित किया जा रहा है। छग विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन-01 के महासचिव आरसी चेट्टी ने कहा है कि पुरानी पेंशन बहाली एवं संविदा नियमितिकरण का मुद्दा आम कर्मचारियों के भविष्य से जुड़ा है। दोनों ही मुद्दो पर निर्णय लेने कंपनी संचालक मण्डल सक्षम है। सरकार ने एनपीएस व यूपीएस का विकल्प ओपीएस नहीं किया है एवं भाजपा शासित छत्तीसगढ़ सहित सभी सरकारो ने 1 अगस्त से राज्य में यूपीएस लागू करने की राजपत्र में अधिसूचना जारी कर दी है। ओपीएस पर वर्तमान सरकार के पास प्रस्ताव सहमति हेतु भेजना आवश्यक नहीं है, क्योंकि पूर्ववर्ती सरकार के समय ही छग शासन उर्जा विभाग द्वारा विद्युत कंपनी में ओपीएस लागू करने 6 अक्टूबर 2023 को लिखित सैद्धांतिक सहमति दे दी है एवं इस पर भविष्य के वित्तीय भार को अनुमोदित किया गया है। महासचिव ने बताया कि लाईन संविदा कर्मियों को केवल नियमित किये जाने की मांग पर कंपनी पर निर्णय हेतु दबाव नहीं बनाकर मानदेय वृद्धि व अन्य मांगो पर सुझाव दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि नियमित पद पर कार्यरत कर्मियों को नियमित होते ही अन्य सभी लाभ मिल जाते लेकिन अब संविदा कर्मियों की अन्य मांग भले ही पूरा हो जावे लेकिन संविदा की शर्तों के अनुसार संविदाकाल दस वर्ष है। फेडरेशन पुरानी पेंशन बहाली एवं संविदा कर्मियों को नियमित करने की मुख्य मांग पर आम कर्मचारी हित में प्रयास निरंतर जारी रखेगा।

## छठ पर्व की झलकियां



छठघाट में बधाई देने पहुंची पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल व राजकिशोर प्रसाद।



छठघाट में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लगी भीड़।



डूबते सूर्य को अर्घ्य देती व्रती महिला।

# अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



पूर्व विधायक बिलाईगढ़ निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष बलौदा बाजार व वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ डॉ सनम जांगड़े का प्रथम कोरबा आगमन पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम गुरुगद्दी पताढी धाम, सीतामढ़ी चौक, सतनाम भवन में स्वागत किया गया। भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ औपचारिक बैठक आयोजित की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, गोपाल साहू, डॉ राजीव सिंह, सरजू अजय, महापौर संजूदेवी राजपूत, नरेंद्र देवांगन जिला महामंत्री, श्रीमती सुनीता पटले, अजय विश्वकर्मा, संजय शर्मा, सतीश झा, श्रीमती कुंती जांगड़े, सुशील गर्ग उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री जांगड़े ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा को और भी मजबूत कर आने वाले चुनाव में हम अपनी सहभागिता निभाएंगे यह संकल्पित कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए कई योजनाओं का लाभ देने का काम किया है। इस अवसर पर बबलू डहरिया, राजेश लहरे, मीना लहरे, रामचंद्र पाटले, जेके लहरे, राजेंद्र टंडन, मनोज लहरे, नरेश टंडन, मणिशंकर पाटले, संतोष निराला, विजय मिरी, लक्ष्य चतुर्वेदी, शिवदयाल कुर्रे, राज ओगरे, प्रतिमा सोनवानी, जेपी कोसले, सम्मेलाल पाटले, रथराल पाटले, हीरालाल, शिव चौहान, ममता यादव, विशाल चौहान, लक्ष्मी नारायण साहू, हेमंत चौहान उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक दल एवं कलाकार 31 तक करा सकते हैं पंजीयन

**कोरबा।** जिले में 2 नवंबर से 4 नवंबर तक होने वाले तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में जिले के सांस्कृतिक दल एवं कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके लिए जिले के सांस्कृतिक दलों एवं कलाकारों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए जिले के कलाकारो एवं सांस्कृतिक दलों से आवेदन मंगाए गए हैं। राज्योत्सव-2025 में जिले के प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति देना चाहते हों वे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरबा में प्रविष्टि भर कर आवश्यक दस्तावेजे सीडी, पेनड्राइव गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक (यूट्यूब लिंक इत्यादि) सहित 31 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क नंबर 7869096888 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कोल इंडिया चेयरमैन ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम का शुभारंभ करते कोलइंडिया चेयरमैन।

एसईसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पी. एम. प्रसाद के करकमलों से हुआ। यह कार्यक्रम एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस वर्ष 27 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी की थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। जिसका समापन 3 नवंबर को होगा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। तत्पश्चात कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत बजाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद के साथ हरीश दुहन, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एसईसीएल, कार्यकारी निदेशक (समन्वय), कोल इंडिया आलोक ललित कुमार, निदेशक (तकनीकी/संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (तकनीकी/योजना परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, संचालन समिति सदस्य, संचालन क्षेत्रों के महाप्रबंधक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, श्रमसंघ प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पी. एम. प्रसाद ने कहा कि सतर्कता को केवल एक सप्ताह तक सीमित न रखते हुए इसे अपनी कार्यशैली और जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा जहां भी रहें, जो भी कार्य करें हमें निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सतर्कता केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति का अभिन्न अंग होनी चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में एसईसीएल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# केन्द्रीय जेल के बाहर बैठकर आरोपी ने की फोन पर बातचीत, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एएसआई के घर में घुसकर मारपीट करने वाले जिला बदर के आरोपी को जेल के बाहर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के मामले में अब पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में एसपी ने कार्रवाई की है। जेल के बाहर कैदी को मोबाइल फोन पर बात करने की अनुमति देने वाले दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही इस प्रकरण की जांच जारी है।

बता दें कि जय आदित्य तिवारी उर्फ अंश पंडित आ. अशोक कुमार तिवारी उर्फ बाबा पंडित ने दीपावली की रात एएसआई राकेश मिश्रा के घर में घुसकर वाहनों में तोड़फोड़ और मारपीट की थी। इस मामले में पुलिस ने पुलिस ने अंश पंडित को बीएनएस की धारा 296, 351 (3), 115(2), 331(6),191 (1) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया था जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया था लेकिन जब कैदी को जेल दाखिल कराया जा रहा था तो वह केन्द्रीय जेल परिसर में मुख्य गेट पर बैठकर आराम से मोबाइल फोन पर बात कर रहा था और इस घटना का वीडियो किसी ने बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग की कार्यशैली ही सवालों के घेरे में आ गई क्यों कि आरोपी ने पुलिसकर्मी के घर में घुसकर मारपीट की और उसी के विभाग के लोग उसे विशेष सुविधा उपलब्ध करा रहे है। इतना भी नहीं आरोपी जिला बदर है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जेल प्रबंधन की ओर से भी बयान सामने आया था। जेल अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इस मामले की जांच और कार्रवाई की बात कही थी। जेल परिसर में मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित है इसके बाद भी पुलिस की मौजूदगी में आरोपी मोबाइल फोन पर बेखौफ होकर बात कर रहा था। इस मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जांच



के निर्देश दिए थे। जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी की सुरक्षा ड्युटी हेतु थाना कोतवाली में तैनात आरक्षक परवेज फिरदौसी, डाक्टर सिंह सिदार, सुशील खेस का ड्युटी लगाया गया था। प्रथम दृष्टिया वीडियो में थाना अंबिकापुर से डियुटी में तैनात कर्मचारियों आरक्षक परवेज फिरदौसी, डाक्टर सिंह सिदार के लापरवाही के कारण आरोपी द्वारा मोबाईल में बातचीत करने की पुष्टि हुई। ड्युटी में तैनात आरक्षकों के द्वारा आरोपी को मोबाईल पर बात करने से न ही रोका गया और न ही मोबाईल को छीना गया जो कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं संदिग्ध आचरण को प्रदर्शित किया गया है। अतः उक्त लापरवाही के फलस्वरूप आरक्षक परवेज फिरदौसी, डाक्टर सिंह सिदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र अंबिकापुर में सम्बद्ध किया गया है।

# 1 नवंबर से हेलमेट पर चलेगी सख्ती पहले पुलिस, फिर जनता पर कार्रवाई

## एसपी ने हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर दिए सख्त आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सड़क सुरक्षा को लेकर जांजगीर-चांपा जिले में अब पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडे ने सख्त रुख अपनाया है। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और लोगों की लापरवाही को देखते हुए एसपी ने हेलमेट नियमों को लेकर नया आदेश जारी किया है।

आदेश के मुताबिक, 1 नवंबर से 10 नवंबर तक पुलिस विभाग के सभी अधिकारी और जवानों पर हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है, जबकि 10 नवंबर के बाद आम नागरिकों पर भी यही नियम कड़ाई से लागू होगा। एसपी पांडे ने स्पष्ट किया है कि अगर कोई भी पुलिसकर्मी बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अवधि में पुलिस बल स्वयं उदाहरण पेश करेगा और जनता को हेलमेट की अनिवार्यता के लिए जागरूक भी करेगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है।

जब पुलिस खुद नियमों का पालन करेगी तभी समाज में सही संदेश जाएगा। जिलेभर के थानों को इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 10 नवंबर से आगे आम जनता के लिए भी यह सख्ती लागू होगी। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान से लेकर वाहन जब्ती तक की कार्रवाई की जा सकती है। यातायात पुलिस को इस संबंध में विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### फार्म हाउस में घुसकर नकाबपोशों ने किया युवक पर हमला

बलरामपुर। चोरी की नियत से घुसे दो नकाबपोशों ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार अस्पताल में जारी है। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस ने एक विधि से संघर्षरत बालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि 25 अक्टूबर की रात ग्राम पिंडरा निवासी प्रहलाद दीक्षित के फार्म हाउस वाले घर में अज्ञात लोगों ने घुसकर भतीजे अभय दीक्षित पर प्राणघातक हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके साथ ही प्रहलाद दीक्षित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी भापेंद्र साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान फार्म हाउस में लगे सीसीटीवी की जांच में यह बात सामने आई कि दो नकाब पाशों ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया है।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत

अम्बिकापुर। सीतापुर मंगारी के समीप स्कूटी सवार पिता पुत्री को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई युवती की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सायर राई निवासी राजमोनिया टोप्पो आ.ख्रीस्तोफर टोप्पो (20 वर्ष) 2 अक्टूबर को पिता के साथ मौसा मौसी से मिलने मैनपाट स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएफ 8775 से गए थे।

**न्यायालयः-(डॉली ध्रुव) द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**आम ईश्तहार / नोटिस**

**प्रोसेस क्र. 277/25** **प्र.क्र. 22/2025**
**पेशी तारीख 04.11.2025**

श्रीमती केवरा बाई .............आवेदक/वादी
बनाम
शाखा प्रबंधक वगै. .............अनावेदक/प्रतिवादी

उपरोक्त वादी/आवेदक श्रीमती केवरा बाई ने उत्तरवादी /प्रतिवादी शाखा प्रबंधक वगै. के विरूद्ध उत्तराधिकार अधिनियम 372 के वास्ते न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी (छ.ग.) में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 04.11.2025 तिथि नियत है।

अतः उत्तरवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 04.11.2025 को दिन 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 15.10.2025 को न्यायालय में मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(डॉली ध्रुव)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कोरबा।** ग्राम उतरदा के शासकीय माध्यमिक शाला बालक/कन्या विद्यालय में मेगा पीटीएम में पालकों की उपस्थिति एवं छात्र छत्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शुक्रवार को द्वितीय मेगा पालक शिक्षक सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल उपस्थित रहे। मेगा सम्मेलन में उपस्थित पालकों को विद्यालय द्वारा उनके बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गयी। पालकों को अपने बच्चों का शैक्षिक स्तर की जानकारी हुईं। विधायक श्री पटेल द्वारा पालकों को बच्चों के अध्ययन मे सहयोग करने एवं शिक्षा के क्षेत्र मे शासन की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही गयी। प्रधानपाठक श्री नेटी के द्वारा शाला का प्रतिवेदन रखा गया एवं मांग स्वरूप बालक कन्या हेतु पृथक शौचालय, सर्वसुविधायुक्त नवीन कन्या मा शा भवन, सायकल स्टैंड एवं ऑडिटोरियम भवन की मांग रखी गयी। जिसे उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएन साहू, श्री सिंगौर, प्राचार्य जीपी लहरे, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला श्री कँवर, सुन्दर मरावी, संतोष मरावी, समोस सागर, मन्नू सांई राठौर, मुकेश बर्मन, तामेश्वर टेकाम, इन्द्रसेन यादव, विनोद डहरिया एवं उत्तर खुसरो, अरविंद पैगोर, श्री कुर्रे, श्रीमति चाँदनी सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान में

**कोरबा।** पहली बार, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग, तथा साइक्लिंग (मेडल स्पोर्ट्स) और खो-खो (डेमोंस्ट्रेशन) पांचवीं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का हिस्सा होंगे। पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान के सात शहरों में 24 नवंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। इसमें 23 मेडल स्पोर्ट्स और एक डेमोंस्ट्रेशन स्पोर्ट (खो-खो) में प्रतियोगिताएँ होंगी। इसी साल कुछ समय पहले में बिहार में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तरह, यूनिवर्सिटी गेम्स भी राजस्थान के सात शहरों जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर में आयोजित होंगे। इस 12 दिनों के यूनिवर्सिटी आयोजन में 5 हजार से अधिक एथलीटों के आने की उम्मीद है।

## करतला वन परिक्षेत्र के ग्राम संडैल का मामला

# जंगली सुअर का शिकार कर बेच रहे थे मांस, ग्रामीण भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वनमंडल के करतला वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम संडैल के ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी कि ग्राम सण्डेल में जंगली सुअर के मांस का बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने दबिश दी। जहां गौठान से सण्डेल की ओर जाने वाले कच्ची सड़क पर सण्डेल निवासी मानस लाल पिता फिरत लाल बिंझवार को एक थैले में जंगली सुअर का मांस खरीदकर ले जा रहा है। परिसर वन अधिकारी सण्डेल कपिल कुमार कंवर द्वारा रोककर पूछताछ करने पर होरी लाल के बाड़ी से होरी लाल से खरीदकर लाना बताया तत्पश्चात वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी रघुनाथ सिंह राठिया के निर्देशानुसार होरी लाल के बाड़ी पहुंचे एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण करने पर शुकवारा बाई पति होरी लाल द्वारा नाला किनारे वन्यप्राणियों के मांस एवं अन्य भागों को उठाकर नाला में फेंकते देखने पर मौके पर वन्यप्राणी के मांस जप्त किए गए। होरी लाल व उसके साथियों द्वारा आदतन वन्यप्राणियों का अवैध शिकार कर हमेशा बिक्री किया



गिरफ्तार ग्रामीण।

जाता है। उक्त साक्ष्य से यह भी स्पष्ट हुआ कि शुकवारा बाई द्वारा अवैध शिकार आपराधिक कृत्य को छुपाने व साक्ष्य को मिटाया जा रहा था एवं वन विभाग द्वारा सूर्यकांत सोनी, स.व.सं. उपवनमण्डलाधिकारी दक्षिण कोरबा के मार्गदर्शन में अभियुक्तों के विरुद्ध अनुसूची 01 एवं 02 के वन्यप्राणियों का शिकार करने पर भारतीय वन्य जीव (सरंक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 2(36), 9, 50,51 एवं 52 के तहत वन अपराध प्रकरण जारी कर न्यायालय करतला में प्रस्तुत कर अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार अभियुक्तगणों मानस लाल उम्र 30 वर्ष पिता फिरत लाल, होरी लाल उम्र 52 वर्ष पिता फूलसाय, नरेन्द्र उम्र 30 वर्ष पिता होरी लाल, शुकवारा बाई उम्र 45 वर्ष पति होरी लाल सभी निवासी ग्राम सण्डेल, ग्राम कण्डरा, तहसील बलौदाबाजार निवासी सुरज उम्र 30 वर्ष पिता शिवनारायण को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है।

## बालको रेलवे लाइन पर मालगाड़ी में पथराव, लोको पायलट घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार की रात बालको रेलवे लाइन पर एक बड़ी घटना सामने आई, जब अज्ञात असामाजिक तत्वों ने एक मालगाड़ी के इंजन पर पथराव कर दिया। यह वारदात डेंगूरनाला पुल और सीएसईबी चौक के बीच उस समय हुई, जब मालगाड़ी बालको प्लांट से लोडिंग पूरी कर स्टेशन की ओर लौट रही थी।

पथराव के दौरान इंजन की खिड़की का शीशा टूट गया, और टूटे कांच का टुकड़ा सीधे लोको पायलट ओपी आदिले के सिर पर जा लगा। इससे उन्हें गंभीर चोट आई। उस वक्त इंजन में असिस्टेंट लोको पायलट सुनील कुमार भी मौजूद थे। घटना के बाद दोनों ने किसी तरह ट्रेन को नियंत्रित करते हुए स्टेशन तक पहुंचाया और स्टेशन मास्टर को पूरी जानकारी लिखित में दी। प्रारंभ में घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी, लेकिन मामले के सामने आने के बाद रेलवे के साइड इंचार्ज ने बालको थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात व्यक्तियों की तलाश शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, यह कृत्य स्थानीय असामाजिक तत्वों या नशे में धुत युवकों द्वारा किया गया हो सकता है। रेलवे प्रशासन ने आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा गश्त बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।



### तेज रफ्तार मोटर सायकल टकराई पेड़ से, मौत

**कोरबा।** पड़ोसी जिले रायगढ़ के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरईपाली निवासी सचिन भोये उम्र 28 वर्ष पिता राम लाल 25 अक्टूबर की रात लगभग 10 बजे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 बीबी 8359 से अपने गांव सराईपाली से घुमने निकला था उसी दौरान कोरबा की ओर आते समय ग्राम बताती हनुमान मंदिर के आगे मोड़ के पास अपने मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर अनियंत्रित होकर पेंड को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से सचिन भोये के सिर, गला, सीना एवं शरीर के अन्य भाग में गंभीर चोंट लगने के कारण डायल 112 वाहन से ईलाज हेतु सीएचसी करतला ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा परीक्षण उपरांत सचिन भोये को मृत घोषित कर दिया गया।

### तीन दिवसीय सांस्कृतिक संध्या 2 से

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में आज जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 2 से 4 नवम्बर तक होने वाली तीन दिवसीय सांस्कृतिक संध्या के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सुझाव दिया गया कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति और लोककला को विशेष रूप से शामिल किया जाए।

## श्री कृष्ण जन्म कथा को सुनने उमड़े श्रद्धालु



कथा सुनते हुए श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आचार्य टंकेश दुबे ने पांचवे दिन कृष्ण जन्म की कथा सुनायी। उन्होंने बताया कि देवकी और वासुदेव के विवाह के बाद वासुदेव देवकी को ले जा रहे थे उस दौरान हुई आकाशवाणी को मानते हुए कंश ने दोनों को कारागाह में डाल दिया। कंश अपनी बहन का वध करने का निर्णय लेता है जिसकी जानकारी होने पर वासुदेव कंश से विनती करते हैं कि महराज देवकी को मारकर तुम्हे क्या मिलेगा तुम्हे हमारी आठवी सन्तान से खतरा है मैं तुम्हे वचन देता हूं कि बारी बारी सभी सन्तानों को सौंप दूंगा। जिसपर कंश मान जाता है। जब देवकी का आठवां जन्म लेता है तो ठीक रात 12 बजे जन्म लेते हैं तो सभी सैनिक मूर्छित हो जाते हैं। वासुदेव के हाथों की बेड़ी खुल जाती है। अपने आप खुल जाती है फिर आकाशवाणी होती है कि वासुदेव इस आठवी सन्तान को तुम गोकुल में नंदलाल के यहां छोड़ आओ व वहां से यशोदा ने जो योग माया रूपी कन्या को जन्मी है उसे ले आओ वासुदेव ठीक वैसा ही करते हैं जैसा कि आकाशवाणी होती है उसके पश्चास्त जब कंश को मालूम पड़ता है कि देवकी की आठवीं सन्तान ने जन्म ले लिया है तब उसका वध करने के लिए कारागृह में पहुंचता है मगर जब वासुदेव ने कंश को बताते हैं कि आठवीं सन्तान तो लड़की हुई है ये भला तुम्हे कहा मारेगी मगर कंश कहा मानने वाला था उस कन्या रूपी योग माया को मारने की कोशिश करते हैं जैसे ही उसे मारने के लिए ऊपर हवा में उठाते हैं तभी योग माया रूपी कन्या उनके हाँथ से छूट कर हवा में चली जाती है व कंश से कहती है कि हे मूर्ख कंश तुम्हे नही मारने वाली क्योंकि तुम्हे मारने वाला देवकी मैया की कोख से आठवीं संतान के रूप में जन्म ले लिया है।

## राम नाम लेखन महायज्ञ समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राम नाम लेखन महायज्ञ समिति की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी में आयोजित की गई। बैठक में बालको के राम भक्तों की संगीत टोली ने अपने सुरीले भजनों की प्रस्तुती दी। बैठक को मेदनी मिश्रा, योगेश जैन, डॉ विशाल उपाध्याय, रामसिंह अग्रवाल ने संबोधित किया। बैठक में आगामी कार्यों पर चर्चा की गई जिनमें 1 दिसंबर से 17 दिसंबर तक राम नाम लेखन पुस्तिका भक्तों को देना। 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती से राम नाम लेखन प्रारम्भ करना। 24 दिसंबर तक राम नाम लेखन करना। 18 दिसंबर से नित्य राम नाम संकीर्तन के साथ बस्ती, ग्रामों में प्रभात अथवा संध्या फेरी निकालना। 25 दिसंबर को बस्ती, ग्रामों में सभी



पुस्तिका एक स्थान पर एकत्रित कर धार्मिक आयोजन करना। सभी घरों से चावल दाल सामग्री एकत्र कर उसी सामग्री से राम खिचड़ी बनाकर प्रसाद वितरण करना। 26 दिसंबर को ग्रामों की पुस्तिका मण्डल केन्द्र में एकत्रित कर धार्मिक आयोजन करना। 28 दिसंबर को सभी मण्डल केन्द्र तथा नगर की बस्तियों से राम नाम पुस्तिका कोरबा लाना। अन्त में अध्यक्ष की अनुमति से सचिव योगेश जैन ने कोरबा उप नगरों के संयोजक तथा जिला कार्यकारिणी की प्रथम घोषणा की गई है।



## खबर संक्षेप



### जू-जित्सु राज्य स्तरीय जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड व रजत

**कोरबा।** डोंगरगढ़ स्पोर्ट्स हॉल में आयोजित जू-जित्सु राज्य स्तरीय जूनियर वर्ग चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जिले से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिनमें देवराज गोगोई ने वाज़ा वर्ग में स्वर्ण पदक तथा फाइटिंग वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि नयन साहू ने फाइटिंग वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय जू-जित्सु चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो कि 19 से 23 दिसंबर तक आईजीआई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हल्द्वानी उत्तराखंड में आयोजित होगी। दोनों खिलाड़ी लेवल अप एमएमए अकादमी निहारिका, बालको एवं सिटी सेंटर मॉल से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा एनआईएस कोच प्रेमराज बंजारे,स्नेहा बंजारे और देवाशीष कश्यप के मार्गदर्शन में निरंतर अभ्यासरत हैं।

### आदर्शनगर कुसमुंडा में साइकिल रैली का हुआ आयोजन



**गेवरा दीपका।** कुसमुंडा के आदर्श नगर इंदिरा स्टेडियम में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से फिट इंडिया के तहत साइकिल रैली का आयोजन एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा किया गया। क्रमिक प्रबंधक वीरेंद्र कुमार एवं प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। स्कूल परिसर से लेकर निर्धारित मार्ग तक निश्चित दूरी को तय करते हुए न केवल अपने शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिसमें केंद्रीय विद्यालय के बच्चों और डीएवी स्कूल के छात्रों ने हिस्सा लिया। क्रमिक प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने कहा कि साइकिल रैली का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की शुद्धता के प्रति जागरूकता लाना है। साइकिल चलाने से न केवल हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा बल्कि पर्यावरण का प्रदूषण भी कम होगा।

### विधायक ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन



**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत कई वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल, बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा उपस्थित थे। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य पालिका श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो थे। वार्ड क्रमांक 13 कटाईनार के शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल में सायकल स्टेंड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 12 गजरा में जुगल घर से मनोज साहु घर तक आरसीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। इसके बाद वार्ड क्रमांक 3 में पालिका परिषद में नया भवन, शास. उच्च माध्यमिक शाला मोंगरा रसायन कक्ष निर्माण कार्य, जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष निर्माण कार्य, अटल टिकरिंग लैब रुम निर्माण कार्य, कला एवं संस्कृति कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि जिन कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, वे क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही जरुरतों को पूरा करेंगे। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि यह विकास कार्य बांकीमोंगरा के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र के हर नागरिक को अच्छी सड़क, बेहतर सुविधाएं और अन्य आवश्यक सुविधाएं मिलें।

### जिले में कुल 2 लाख 7 हजार 323 उपभोक्ताओं के घरों में लगना है स्मार्ट मीटर

# आपूर्ति का बना हुआ है टोटा, डेढ़ साल में आधे उपभोक्ताओं के घरों में ही लग सका स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना बनाई गई है जिसके लिए जिले में लगभग डेढ़ साल से मीटर लगाने का काम चल रहा है लेकिन समय पर पर्याप्त मीटर नहीं मिल पाने व ग्रामीण क्षेत्रों में विरोध की वजह से मीटर लगाने की रफ्तार में तेजी नहीं आ पा रही है। इससे विद्युत विभाग के अधिकारियों का टेंशन बढ़ता जा रहा है। दो साल का डेड लाइन अप्रैल में खत्म होने वाला है। ऐसे में तय समय के भीतर काम पूरा हो पाना संभव नजर नहीं आ रहा है। जिले में अब तक आधे उपभोक्ताओं के घरों में भी स्मार्ट मीटर नहीं लग पाया है।

उल्लेखनीय है कि बढ़ती बिजली चोरी को रोकने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना बनाई गई है। स्मार्ट मीटर लगाने की दिशा पर ठेका कंपनी द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। जिले में लगभग 85 हजार 721 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है। सबसे अधिक अब तक शहरी क्षेत्र के पाड़ीमार, तुलसीनगर जोन के अंतर्गत आने वाले 72 हजार 180 उपभोक्ता में से मात्र 38 हजार 829 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है। जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम दिया गया है जिले में कुल 2 लाख 7 हजार 323 उपभोक्ता में से 85 हजार 721 उपभोक्ताओं के घरों में ही अब तक स्मार्ट मीटर लग पाया है। सवा लाख से भी अधिक उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर नहीं पहुंच पाया है जबकि अप्रेल का महीना समाप्त होने में मात्र 6 महीना ही बचा है ऐसे में तय समय के भीतर मीटर लग पाना संभव नहीं है।

**खास बात**

- शहर के तीनों जोन में सबसे अधिक 38 हजार 829 उपभोक्ताओं के घरों में लग पाया है मीटर


फाइल फोटो

**40 फीसदी उपभोक्ताओं के घर में लग पाया है मीटर**

शहर के तीनों जोन में मात्र 40 फीसदी उपभोक्ताओं के घरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाया है। ठेका कंपनी को मीटर लगाने की रफ्तार को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है। अप्रैल 2025 में कंपनी का टाइमलाइन पूरा हो रहा है।

-**रौशन लाल वर्मा**, डीई, शहर कोरबा

**क्या होता है स्मार्ट प्रीपेड मीटर**

स्मार्ट प्रीपेड मीटर से यह होगा कि उपभोक्ता जितने रुपये का रिचार्ज करवाएंगे, उतनी ही बिजली का इस्तेमाल कर पाएंगे। ये मीटर अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे। घरों में इस मीटर के लगाए जाने के बाद बाइपास बिजली, मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी से जुड़े कार्य नहीं किए जा सकेंगे। यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करने का प्रयास भी करेगा तो मीटर से सीधे इससे संबंधित मेसेज विभाग के कंट्रोल रूम को मिल जाएगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर से उपभोक्ता बिजली का लाभ ठीक वैसे ही उठाएंगे, जैसे मोबाइल रिचार्ज कराकर बातचीत करने या इंटरनेट सेवा का लाभ उठाते हैं। ये मीटर उपभोक्ताओं के सीधे मोबाइल से जुड़ा होगा। उपभोक्ता को प्रतिदिन इसकी जानकारी होती रहेगी कि वह कितने यूनिट व कितने रुपये की बिजली इस्तेमाल कर चुके हैं।

**कहां कितना लगा मीटर**

| जोन | उपभोक्ता | इंस्टॉल हुआ |
|---|---|---|
| चैतमा | 9925 | 3628 |
| दर्री ग्रामीण | 4231 | 364 |
| पोड़ी | 4595 | 02 |
| पसान | 7049 | 274 |
| कोरबी | 7470 | 2198 |
| हसदेव बांगो | 8085 | 2723 |
| जेई डीसी छुरी | 6228 | 491 |
| कटघोरा ग्रामीण | 10696 | 8230 |
| कटघोरा शहरी | 7374 | 2708 |
| पाली | 8245 | 4822 |
| दर्री | 21214 | 12917 |
| पाड़ीमार | 28540 | 15493 |
| तुलसीनगर | 22426 | 10419 |
| बरपाली | 8007 | 2608 |
| भैसमा | 14425 | 4278 |
| दीपका | 2793 | 5813 |
| रामपुर | 3955 | 02 |
| सोहागपुर | 7652 | 02 |
| हरदीबाजार | 8476 | 2565 |
| जेई डीसी भिलाईबाजार | 8224 | 3006 |
| करतला | 7713 | 3178 |
| कुल | **207323** | **85721** |

# नोनबिर्रा डेम में बैठकर चल रहा था नशे का खेल, चार गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशीली टेबलेट का अवैध कारोबार करने वाले चार युवकों ने पुलिस ने रंगेहाथों धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लगभग 998 नग नशीली टेबलेट का जखीरा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष मुहीम चलाई जा रही है। इस कड़ी में करतला थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग नोनबिर्रा डेम के पास डेम जाने वाली कच्ची मार्ग पर एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीआर 0660 हीरो ग्रे कलर खड़ा कर अवैध नशीली टेबलेट को बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी जहां पुलिस ने नोनबिर्रा निवासी साहिल उर्फ बॉबी उम्र 20 वर्ष पिता जुम्मन खान, ग्राम सिलयारीभांठा निवासी राजू चौहान उम्र 38 वर्ष पिता समार सिंह चौहान, ग्राम गिरारी निवासी इकबाल अली उम्र 38 वर्ष पिता अकबर अली, ग्राम नोनबिर्रा निवासी सिराज खान उम्र 22 वर्ष पिता हुसैन खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लगभग 998 नग नशीली टेबलेट का जखीरा बरामद किया गया है।

**खास बातें**

- करतला पुलिस ने मारा था छापा, 998 नग नशीली टेबलेट जब्त
- टेबलेट बेचते हुए चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# आवारा सांड का आतंक, स्कूली छात्र पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



घायल छात्र एवं सड़कों में मंडराते आवारा मवेशी।

नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डो में श्वान एवं सांड का आतंक सिर चढ़कर बोल रहा है। सांड और श्वान के द्वारा राह चलते लोगों पर अचानक हमला कर दिया जाता है। कभी भी स्थिति भयावह हो जाती है। सांड के हमले से कई लोगों की जान तक चली जाती है। इसी तरह का एक मामला निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 अमरैयापारा में सामने आया है, जहां एक 12 वर्षीय छात्र पर सांड ने हमला कर दिया। पीड़ित छात्र का नाम अक्षय कुमार श्रीवास बताया गया है, जो कक्षा सातवीं का छात्र है।

जानकारी के अनुसार अक्षय कुमार घर से ट्यूशन जाने के लिए निकला था। रास्ते में अचानक एक सांड ने उस पर हमला कर दिया। सांड ने छात्र को अपने सींगों से उठाकर जोर से जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान छात्र की चीख-पुकार सुनकर आसपास के राहगीर मौके पर पहुंचे और किसी तरह बच्चे को सांड के चंगुल से बचाया। घायल अक्षय कुमार को तुरंत स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार छात्र को कमर और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। वार्ड नंबर 14 के पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद के पति टीकम राठौर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और नगर निगम अधिकारियों को इस मामले से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शहर में आवारा मवेशियों और सांडों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण कई हादसे हो चुके हैं। निगम को चाहिए कि वह इन मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजे।

**खास बात**

- सड़कों पर आवारा पशुओं का डेरा

# दर्री और सिविल लाइन थाना क्षेत्र के दो मकानों में चोरों का धावा, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में चोरी की दो घटनाएं सामने आयी है जहां दोनों ही परिवार इलाज के लिए बाहर गए हुए थे। इस दौरान चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम की चोरी कर ली है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत आईओसीएल चोरभठ्ठी मोड़ मेन रोड निवासी महेत्तर लाल ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह मोटर सायकल गैरेज का संचालन करता है। वह 22 अक्टूबर को स्वयं का ईलाज कराने परिवार सहित रायपुर चला गया था। 25 अक्टूबर की सुबह गांव के पड़ोसी ने बताया कि उसके गैरेज का शटर खुला हुआ है। जब महेत्तर लाल रायपुर से कोरबा अपने गांव आया तो देखा कि उसके गैरज का सटर खुला हुआ था अंदर जाकर देखा तो एसबेसटस सीट का छत टूटा हुआ था। गैरेज और घर का सामान बिखरा हुआ था और अलमारी में रखा हुआ बच्चे का सोने का लॉकेट, गुल्लक में रखा हुआ नगद लगभग 25 हजार रुपए एवं गैरेज के टूलकिट ड्रील कटर माशीन, आयल बॉटल, चेनकिट, बैट्री, ट्यूब चांदी का पुराना इस्तेमाली गहने इत्यादि सामान कीमती लगभग 40 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित हुई है। क्वा.नं. एन.ई.-5, सीएसईबी कालोनी निवासी कंचन खांडेकर उम्र 34 वर्ष पिता-धनीराम खांडेकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तबियत खराब होने के कारण वह 19 अक्टूबर को बांकीमोंगरा अपने माता पिता के पास चली गई थी। 24 अक्टूबर की सुबह लगभग 11 बजे जब वह वापस अपने घर आई तो देखा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद था तब कंचन पीछे बाउंड्री से कूदकर अंदर जाकर देखी तो पीछे का दरवाजा का कुडी टूटा व खुला मिला। अंदर जाकर देखी तो घर के अलमारी में रखे सोने के कान की बाली-दो जोड़ी, सोने की दो नग अंगूठी तथा एक चांदी का पायल और गुल्लक, कपड़े, ब्लेंकेट-3 नग, 60 इंच का स्मार्ट टीवी, बर्तन एवं अन्य घरेलु सामान कीमती लगभग 70 हजार रूपये को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

**खास बात**

- इलाज के लिए एक परिवार गया था रायपुर

### पास्टर व उसकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोढ़ी निवासी युवराज सिंह कुर्रे उम्र 25 वर्ष पिता राजेन्द्र कुमार कुर्रे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर में नर्मदा प्रसाद यादव जो स्वयं को पास्टर बताता है आया। नर्मदा ने युवराज सिंह के घर में प्रवेश करते हुए कहा कि तुम्हारे घर की बीमारी कर्जा और सारी तकलीफें इसलिए हैं क्योंकि तुम्हारे घर में शैतान का वास है। नर्मदा ने युवराज के घर में रखे देवी-देवताओं के फोटो देखकर उन्हें हटाने की बात कही और कहा कि यदि इन्हें नहीं हटाओगे तो घर में और ज्यादा परेशानी बढ़ेगी। इसके साथ ही नर्मदा ने युवराज को अपने धर्म को न मानकर इसाई धर्म अपनाने के लिए कहा और कहा कि ऐसा करने से उसके परिवार की सारी समस्या दूर हो जाएगी। 26 अक्टूबर को नर्मदा की पत्नी गनेशी यादव के द्वारा अपने घर में प्रार्थना सभा का आयोजन कर बाहर से व्यक्ति बुलाकर धर्मान्तरण कर हिन्दु देवी देवताओं को गाली गलौच कर रहे थे जिससे युवराज सिंह कुर्रे की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं तथा यह कृत्य स्पष्ट रूप से धर्म परिवर्तन हेतु प्रलोभन एवं धार्मिक भ्रम फैलाने की श्रेणी में आता है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने नर्मदा प्रसाद यादव (पास्टर) एवं उसकी पत्नी गनेशी यादव के विरुद्ध धर्मांतरण अधिनियम एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 299, 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# मृत किसानों का फर्जी हस्ताक्षर कर खाद की बिक्री, पूर्व प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरसिया निवासी ठंडीलाल बिंझवार उम्र 48 वर्ष पिता शुकलाल ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ठंडीलाल बिंझवार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोरगा में प्राधिकृत अधिकारी के पद पर पदस्थ है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोरगा में कुल 4 कर्मचारी कार्यरत हैं जिसमें महेन्द्र शर्मा प्रभारी प्रबंधक एवं डाटा ऑपरेटर के दोनो पद पर इसके अलावा विक्रेता पवनसाय यादव, भगत सिंह राज, सूरज कुमार यादव कार्यरत हैं। जो समस्त कृपक मोरगा समिति एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा कलेक्टर के समक्ष आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोरगा के प्रभारी प्रबंधक महेन्द्र शर्मा के विरूद्ध खरीफ वर्ष 2025-26 के दौरान खाद वितरण में गड़बड़ी एवं अनियमितता करने संबंधी शिकायत किया गया था। कलेक्टर कोरबा द्वारा महेन्द्र शर्मा के खिलाफ राजस्व एवं कृषि विभाग के 4 सदस्यीय संयुक्त जांच दल गठित किया गया, जिसमें नायब तहसीलदार पोंड़ीउपरोड़ा, प्रभारी वरिष्ठ ग्रामीण विकास अधिकारी पोंड़ीउपरोड़ा, राजस्व निरीक्षक व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मोरगा शामिल थे, जो 4 सदस्यीय जांच दल द्वारा पूर्व प्रभारी प्रबंधक महेन्द्र शर्मा के विरूद्ध जांच किया गया है जिसमें महेन्द्र शर्मा के विरूद्ध 4 सदस्यीय जांच रिपोर्ट में खाद वितरण पंजी, चिटठा अदाई पंजी में किसानों का हंस्ताक्षर लिये बगैर वितरण बताया जाना गया है। साथ ही 2 मृतक किसानों के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर खाद विक्री किया जाना पाया गया है। पूर्व प्रबंधक महेन्द्र शर्मा के द्वारा कुल खाद यूरिया-164 बोरी, डीएपी-44 बोरी, एनपीके 79 बोरी एवं पोटाश-8 बोरी जिसका शासकीय मूल्य 2 लाख 17 हजार 806 रूपए शासकीय संपति खाद का धोखाधड़ी कर गबन किया है। यह जांच दल द्वारा जांच पाया गया है। मामले की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पूर्व प्रभारी प्रबंधक महेंद्र शर्मा के खिलाफ धारा 316 (2) के तहत मामले की जांच शुरु कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### मूल्यांकन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी की नई गाइडलाइन, इस वर्ष की परीक्षा से होगा लागू

# अब प्रायमरी, मिडिल व हाई स्कूल की वार्षिक परीक्षा परिणाम में जुड़ेंगे तिमाही-छमाही के अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अब प्रायमरी, मिडिल और हाई स्कूल की वार्षिक परीक्षा में तिमाही और छमाही परीक्षा के भी अंक जोड़े जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने इसकी नई गाइड लाइन जारी की है जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 से ही लागू की जा रही है लेकिन यह गाइडलाइन तिमाही और छमाही परीक्षा के संपन्न होने के बाद जारी किए जाने से परीक्षा में कम अंक पाने वाले छात्रों को वार्षिक परीक्षा में नुकसान उठाना पड़ सकता है। स्कूल शिक्षा विभाग की इस नई गाइड लाइन के अनुसार प्रायमरी, मिडिल और हाई स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार की दृष्टि से मूल्यांकन प्रणाली में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

इस परिवर्तन के अनुसार कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी तथा छठवीं, सातवीं कक्षा के छात्रों को तिमाही और छमाही परीक्षा में मिले अंक अब इन कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा परिणाम के अंक में जोड़े जाएंगे। इसके लिए भी विभाग के द्वारा अलग अलग अंक निर्धारित किये हैं।

**मूल्यांकन में हुआ परिवर्तन**

स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा प्रायमरी व मिडिल एवं हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम केलिए मूल्यांकन कार्य में आंशिक परिवर्तन किया गया है लेकिन पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा होने के कारण उनके अंकों के संबंध में कोई नया निर्देश नहीं मिले हैं।

-**टीपी उपाध्याय**, डीईओ

**5वीं, 8वीं बोर्ड परीक्षा**

प्रायमरी स्कूल की कक्षा 5वीं और मिडिल स्कूल की कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा होती है। पिछले वर्ष से इन दोनों कक्षाओं के लिए बोर्ड परीक्षा का नियम जारी किया गया है। इसलिए इन दोनों कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा का परिणाम के संबंध में अभी तक पुराने निर्देश ही चल रहे हैं। तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक को लेकर अभी तक स्कूल शिक्षा विभाग ने कोई निर्देश नहीं जारी किये हैं।

**ऐसे जुड़ेंग अंक**

0 प्रायमरी स्कूल की पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी कक्षा के तिमाही परीक्षा दिलाने वाले छात्रों के प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत तथा छमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत अधिभार के रुप में वार्षिक परीक्षा के परिणाम में जोड़ा जाएगा। इस तरह तिमाही के 20 प्रतिशत और छमाही के 20 प्रतिशत एवं वार्षिक परीक्षा के 60 प्रतिशत अंक को मिलाकर परीक्षा परिणाम तैयार किए जाएंगे।

0 मिडिल स्कूल की कक्षा 6वीं और सातवीं की छमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय के प्राप्त अंकों के 30 प्रतिशत एवं वार्षिक परीक्षा के 70 प्रतिशत अंक को मिलाकर परिणाम घोषित किया जाएगा।

0 हाई स्कूल में कक्षा 9वीं और 11वीं के लिए छमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 प्रतिशत अधिभार के रुप में वार्षिक परीक्षा के अंक में जोड़ा जाएगा। इसी तरह हाई स्कूल के 9वीं और 11वीं का परीक्षा परिणाम छमाही के 30 प्रतिशत अंक और वार्षिक के 70 प्रतिशत अंक को मिलाकर तैयार किया जाएगा।



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411